**WRAP Exams · wrapexams.com**
Prelims PYQ, Mains model answers, and copy evaluation. Write to the desk for this paper, a doubt, or the AI waitlist.
**ask@wrapexams.com · +91 85951 84903 · wrapexams.com**

# Official question paper

This file is the official paper. WRAP Exams also publishes a compiled questions PDF for the same year: each question has a Solution link, and the last pages are a designed compiled answer key.

## Answer key at the end of this PDF

Attempt the paper first. After the last question, this pack closes with a compiled answer key: official letters in boxed exam order, then a question-wise list with Solution links to WRAP Exams.

wrapexams.com

WRAP Exams · Write. Read. Analyse. Practice. · https://wrapexams.com/ · ask@wrapexams.com · wrapexams.com

WRAP Exams

CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM-2022

वियोज्य *DETACHABLE*

# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र I)

# SOCIOLOGY (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Questions No. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.



WRAP Exams

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) अन्य सामाजिक विज्ञानों के संबंध में समाजशास्त्र के दायरे को परिसीमित कीजिए।
Delimit the scope of Sociology in relation to other social sciences. 10

1.(b) एक शोधकर्त्ता निर्वचनात्मक (इंटरप्रिटेटिव) शोध में वस्तुनिष्ठता कैसे प्राप्त करता है ?
How does a researcher achieve objectivity in interpretative research ? 10

1.(c) सामाजिक विज्ञान में सूचना तथा आंकड़ों के बीच अंतर सूक्ष्म है। टिप्पणी कीजिए।
The difference between information and data in social science is subtle. Comment. 10

1.(d) दुर्खीम ने तर्क दिया कि समाज व्यक्तिगत कृत्यों के योग से अधिक है। चर्चा कीजिए।
Durkheim argued that society is more than the sum of individual acts. Discuss. 10

1.(e) समाजशास्त्री सामाजिक असमानता के विश्लेषण में लिंग (जेंडर) की परिकल्पना कैसे करते हैं ?
How do sociologists construct gender in their analysis on social inequality ? 10

2.(a) आपके विचार से समाजशास्त्र के उदय में 'प्रबोध' के किन पहलुओं ने मार्ग प्रशस्त किया ? विस्तारपूर्वक समझाइये।
What aspects of 'Enlightenment' do you think paved way for the emergence of sociology ? Elaborate. 20

2.(b) विभिन्न प्रकार के प्रसंभाव्येतर प्रतिचयन प्रविधियों की व्याख्या कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों सहित इसके उपयोग को समझाइये।
Explain the different types of non-probability sampling techniques. Bring out the conditions of their usage with appropriate examples. 20

2.(c) खुली तथा बंद व्यवस्था में सामाजिक गतिशीलता की विवेचना कीजिए।
Discuss social mobility in open and closed system. 10

3.(a) प्रत्यक्षवादी दर्शन की वो कौन सी कमियां हैं जो सामाजिक यथार्थता के अध्ययन में अप्रत्यक्षवादी पद्धतियों को जन्म देती हैं ?
What are the shortfalls of positivist philosophy that gave rise to the non-positivist methods of studying social reality ? 20

3.(b) दुर्खीम तथा मर्टन मूल्यहीनता की व्याख्या कैसे करते हैं ? इसका आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
Critically examine how Durkheim and Merton explicate Anomie. 20

3.(c) फोकस ग्रुप परिचर्चा के माध्यम से आंकड़े एकत्र करने की प्रक्रिया में शोधकर्ता के प्रभाव को कम करने के उपाय सुझाइये।
Suggest measures to minimize the influence of the researcher in the process of collecting data through focus group discussion. 10

**4.** (a) पूँजीवादी समाज में कार्य की गिरावट को मार्क्स के अनुसार कैसे चिह्नित किया जाता है ?

What characterizes degradation of work in capitalist society according to Marx? 20

**4.** (b) ऐसा दावा किया जाता है कि समाज में सामाजिक स्तरीकरण सामाजिक व्यवस्था और स्थिरता के अनुरक्षण में योगदान देता है । समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Social stratification is claimed to contribute to the maintenance of social order and stability in society. Critically assess. 20

**4.** (c) विश्वसनीयता क्या है ? इसे स्थापित करने के लिए सामाजिक विज्ञान शोधकर्त्ता के लिए उपलब्ध विभिन्न परीक्षणों की व्याख्या कीजिए ।

What is reliability ? Explain the different tests available to social science researcher to establish reliability. 10

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का संक्षिप्त उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :

Write short answers of the following questions in about 150 words each : 10×5=50

**5.** (a) समकालीन समाज में धर्म संबंधित दुर्खीम के विचारों की प्रासंगिकता का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

Critically examine the relevance of Durkheim's views on religion in contemporary society. 10

**5.** (b) परिवार पर विभिन्न सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्यों की चर्चा कीजिए ।

Discuss various theoretical perspectives on the family. 10

**5.** (c) विकासशील समाजों के कार्यक्षेत्रों में नारी की उपस्थिति में वृद्धि के आशय की व्याख्या कीजिए ।

Explain the implications of feminization of work in the developing societies. 10

**5.** (d) धर्मनिरपेक्षता के वैश्विक प्रवृत्तियों पर टिप्पणी लिखिए ।

Write a note on global trends of secularization. 10

**5.** (e) विकास के परिप्रेक्ष्यों में सामाजिक परिवर्तन का मार्ग निर्धारण कीजिए ।

Trace the trajectory of development perspectives on social change. 10

6. (a) मीड के अनुसार आत्मन् का विचार तब विकसित होता है जब व्यक्ति आत्म सचेतन हो जाता है। स्पष्ट कीजिए।

According to Mead the idea of self develops when the individual becomes self-conscious. Explain. 20

6. (b) विचारधारा आधारित राजनीति से अस्मिता आधारित राजनीति के संक्रमण के स्वरूप का विश्लेषण कीजिए।

Analyse the nature of transition from ideology to identity politics in India. 20

6. (c) समकालीन भारतीय समाज में लघु परंपरा तथा महान परंपरा किस प्रकार सह-अस्तित्व में हैं ?

How do little tradition and great tradition coexist in contemporary Indian society? 10

7. (a) सामाजिक व्यवस्था के रूप में समाज संबंधित पारसंस के विचारों का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Critically analyse Parsons views on society as a social system. 20

7. (b) नव सामाजिक आंदोलन दृष्टिकोण से 'पर्यावरणवाद' की व्याख्या कैसे की जा सकती है ? विवेचना कीजिए।

Discuss how 'environmentalism' can be explained with new social movements approach. 20

7. (c) सामाजिक नीतियों के निरूपण में दबाव समूहों की भूमिका को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

Illustrate with examples the role of pressure groups in the formulation of social policies. 10

8. (a) समाजशास्त्री समावेशी विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण का तर्क देते हैं। टिप्पणी कीजिए।

Sociologists argue for democratization of science and technology for inclusive development. Comment. 20

8. (b) क्या पारंपरिक सामाजिक संस्थायें समकालीन समाज में सामाजिक परिवर्तन के कारक के रूप में शक्तिहीन होती जा रही हैं ? सिद्ध करिये।

Are traditional social institutions getting weakened as agents of social change in the contemporary society? Substantiate. 20

8. (c) पितृतंत्र तथा सामाजिक विकास के संबंध को आप कैसे समझते हैं ?

How do you understand the relationship between patriarchy and social development? 10

---



WRAP Exams